Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:54 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 152 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 7 दिसंबर 2024

लापता लेडीज' के ऑस्कर जीतने की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक पर तेंदुए ने हमला



**हल्द्वानी।** गौलापार में वन्यजीवों के हमले होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। शनिवार की सुबह सुंदरपुर रैकवाल गांव के मानपुर में मॉर्निंग वॉक पर निकले गांव के युवक पर तेंदुए ने जंगल से निकलकर हमला कर दिया। ग्राम प्रधान नीरज रैकवाल ने बताया कि तेंदुए के हमले में घायल युवक को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती किया गया है। और घटना की सूचना वन विभाग को दी गई है जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी भी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। घटना के बाद से गांव में एक बार फिर वन्य जीवों की दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीडो का कहना है कि हम जंगली जानवरों को डर से खेतों में काम करने नहीं जा रहे हैं हमारे बच्चे भी जानवरों से डरे हुए हैं।

### सेना का वाहन डिवाइडर तोड़ टीले में जाकर अटका, घायल जवानों का रेस्क्यू



**जोशीमठ।** बदरीनाथ हाईवे पर बिरही में एक सेना का वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे का डिवाइडर तोड़कर एक टीले में जाकर अटक गया। यह जोशीमठ में तैनात मद्रास रेजिमेंट के जवानों का वाहन था। बदरीनाथ हाईवे पर बिरही में एक सेना का वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे का डिवाइडर तोड़कर एक टीले में जाकर अटक गया। यह जोशीमठ में तैनात मद्रास रेजिमेंट के जवानों का वाहन था। वाहन ज्योतिर्मठ से देहरादून की ओर जा रहा था। कुछ जवान घायल हुए हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी ने बताया कि घायलों को रेस्क्यू किया जा रहा है।

# प्रदेश में अगले दो दिन बारिश और बर्फबारी के आसार

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड में आठ और नौ दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित होने से 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की संभावना है। उत्तराखंड में रविवार से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों ने ऊंचाई वाले इलाकों में आठ और नौ दिसंबर को हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार जताए हैं। इसके चलते प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक तापमान गिरने से ठिठुरन बढ़ सकती है। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया, आठ और नौ दिसंबर को उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित होने से 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम दर्जे की बर्फबारी होने की संभावना है। बताया, मौसम बिगड़ने का सिलसिला आठ दिसंबर को दोपहर बाद शुरू होगा। तेज गर्जन और हवा चलने के साथ प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। 10 दिसंबर के बाद प्रदेशभर में फिर मौसम शुष्क हो जाएगा, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के चलते अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके चलते पहाड़ से लेकर मैदान तक ठिठुरन बढ़ सकती है।



### नैनीताल में सुबह-शाम ठंड और दिन में धूप से मौसम सामान्य

उत्तराखंड में मौसम बदलने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों ने ऊंचाई वाले इलाकों में आठ और नौ दिसंबर को हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार जताए हैं। प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक ठिठुरन बढ़ सकती है। अब नैनीताल को भी बर्फबारी का इंतजार है। होटल कारोबारी समेत पर्यटन से जुड़े अन्य कारोबारी दिसंबर 15 के बाद मौसम के प्रतिकूल होने और क्रिसमस व थर्टी फर्स्ट के दौरान बर्फबारी की आस लगाए हुए हैं। हालांकि अभी नगर का मौसम सामान्य बना हुआ है। इन दिनों सुबह और शाम भले ही ठंड हो लेकिन दिन में धूप से मौसम सामान्य बना हुआ है।

**सरकार को बातचीत का अल्टीमेटम**

# कल तक टला किसानों का दिल्ली कूच आज पंजाब में बीजेपी नेताओं का घेराव



**नई दिल्ली/चंडीगढ़**
**एजेंसी**

पंजाब के किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर फरवरी से शंभू बॉर्डर पर मोर्चा लगाकर बैठे हैं। छह दिसंबर को किसानों ने पैदल दिल्ली कूच का एलान किया था। हरियाणा पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया, जिसके बाद किसानों ने रविवार तक कूच टाल दिया। एमएसपी लागू करने व अन्य मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर बैठे पंजाब के किसानों ने दिल्ली कूच रविवार तक टाल दिया। किसानों ने सरकार को आज बातचीत का अल्टीमेटम दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसान जत्थेबंदियों के दरवाजे बातचीत के लिए खुले हैं। अगर केंद्र सरकार बातचीत का न्योता देती है, तो मांगों को हल करने की दिशा में कदम उठाया जा सकता है। पंधेर ने कहा कि शनिवार को पंजाब में भाजपा नेताओं का घेराव किया जाएगा और रविवार को एक बार फिर किसान दिल्ली कूच के लिए निकलेंगे। इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली कूच के लिए आगे बढ़े किसान हरियाणा की सीमा में दाखिल नहीं हो पाए। हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर शंभू में हरियाणा पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इससे पुलिस व किसानों में टकराव हुआ जो करीब ढाई घंटे चला। इस टकराव में पुलिस को मिर्ची स्प्रे व आंसू गैस के गोले तक दागने पड़े, जिसमें 15 किसान घायल हो गए। 26 साल के एक किसान हरप्रीत सिंह की हालत नाजुक है। हरियाणा पुलिस के छह जवान भी घायल हुए।

# विवाह पंचमी पर निकली झांकी उपद्रवियों ने किया पथराव, कई घायल

**दरभंगा**
**एजेंसी**

दरभंगा में वाजितपुर में विवाह पंचमी पर निकाली गई झांकी पर पत्थरबाजी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसमें कुछ लोग घायल हुए हैं। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

दरभंगा में नगर थाना क्षेत्र के वाजितपुर में विवाह पंचमी के मौके पर निकाली जा रही झांकी पर उपद्रवियों द्वारा पथराबाजी की गई है। देखते ही देखते कई लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि शुक्रवार रात जब बाजितपुर से विवाह पंचमी के मौके पर झांकी निकाली जा रही थी तब धार्मिक स्थल में बैठे लोगों ने लाठी डंडे और पत्थरबाजी करने लगे। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीओ विकाश कुमार सदर सिटी एसपी डीएसपी अमित कुमार सहित भारी संख्या पहुंची पुलिस में मामले को शान्त करा लिया है।

हालांकि, स्थिति तनावपूर्ण है। इलाके में भारी संख्या पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। बताया जाता है प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी तरौनी गांव विवाह पंचमी पर झांकी निकलकर बाजितपुर की तरफ जा रही है। इस दौरान बाजितपुर में झांकी के पहुंचने पर दोनों समुदाय के लोगों के बीच बहस शुरू हो गई जो देखते ही देखते पत्थरबाजी और मारपीट में तब्दील हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे सिटी एसपी सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मियों ने मामले को शांत करा लिया है।



# काठगोदाम से रानीबाग भीमताल रोड चौड़ीकरण को डीपीआर बनाने के निर्देश

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के नेतृत्व में हल्द्वानी अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार लगने वाले जाम से पूरे कुमाऊं मंडल का व्यापार प्रभावित हो रहा है। हमारे संगठन ने जून 2024 से इस संदर्भ में मुहीम चलाई है जिसके तहत काठगोदाम से रानीबाग भीमताल डाइवर्जन तक रोड चौड़ीकरण के साथ साथ रानीबाग में भीमताल जाने हेतु एक अंडरपास बनाए जाने की मांग रखी। साथ ही गुलाब घाटी में एक पीलर में पुल बना कर एलीवेटेड रोड़ का प्रस्ताव भी राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता महोदय को दिया गया था। लगातार छः महीने से प्रयास करने के बाद सफलता मिली है हमारे द्वारा दिए गए दोनों प्रस्तावों पर डीपीआर बनाने के निर्देश जारी हो गये हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा,जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्धन पाण्डे, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल ने इस सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया है। साथ ही जिलाधिकारी महोदया के द्वारा नैनीताल जिले को सुंदर बनाये जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# ग्रीन हर्बल फैक्ट्री में छापा, प्रतिबंधित दवा जखीरे के साथ तीन गिरफ्तार

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

सहसपुर पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने फैक्ट्री में छापा मारा। देर रात तक कार्रवाई जारी रही। इस दौरान फैक्ट्री से प्रतिबंधित 1921 टैबलेट, सिरप की 592 बोतल और टैबलेट के 342 खाली रैपर मिले।

पुलिस और एएनटीएफ की टीम ने फूड लाइसेंस पर चल रही हर्बल उत्पाद बनाने वाली फैक्टरी में छापा मारा। फैक्ट्री में प्रतिबंधित नशीली दवाओं और सिरप का जखीरा मिला। करीब एक साल से यहां इनका उत्पादन किया जा रहा था। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दो आरोपी फरार हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



एसएसपी अजय सिंह को सूचना मिली थी कि ग्रीन हर्बल फैक्टरी में प्रतिबंधित दवाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने कार्रवाई के लिए सहसपुर पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम गठित की। टीम ने बृहस्पतिवार को फैक्टरी में छापा मारा, देर रात तक कार्रवाई जारी रही। इस दौरान फैक्टरी से प्रतिबंधित 1921 टैबलेट, सिरप की 592 बोतल और टैबलेट के 342 खाली रैपर मिले। थाना प्रभारी मुकेश त्यागी ने बताया कि फैक्टरी मालिक सहारनपुर के बड़गांव के मुस्कीपुर गांव के संजय कुमार व शिव कुमार और यूपी के चंदौली के साहबगंज निवासी रहमान को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि संजय कुमार, शिवकुमार हाल में सेलाकुई के प्रगति विहार और रहमान प्रेमनगर में रह रहा था। विकासनगर के अम्बीवाला के कन्हैयालाल और हरिद्वार के ऋषभ जैन के भी इनके साथ काम करने की बात सामने आई है, दोनों की तलाश की जा रही है। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि वह जांच में पकड़े जाने के डर से दवाओं के स्टॉक को फैक्ट्री में नहीं रखा करते थे। कार्रवाई के दौरान मिलीं ट्रामाडोल और ब्यूप्रेनॉरफिन टैबलेट का प्रयोग तेज दर्द में होता है। यह ऑपरेशन, कैंसर, हड्डी या गंभीर पेट दर्द में दी जाती है। वहीं, कोडीन फॉस्फेट का प्रयोग सूखी और लगातार होने वाली खांसी में होता है।

# बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस का कार्यक्रम शुक्रवार को शिल्पकार सभा के अध्यक्ष रमेश चन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।



इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारम्भ डॉ0 अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं मोमबत्ती जलाकर किया गया। उसके बाद शिल्पकार सभा के अंबेडकर भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहेब डॉ0 भीम राव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए संविधान निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में बताया। उनके द्वारा दिए गए संविधान के माध्ययम से वंचित वर्ग को उनके अधिकार दिलाए गए। इन वर्गों को समाज की मुख्य धारा से जोडने़ का कार्य डॉ0 अम्बेडकर ने किया।

कार्यक्रम में रमेश चन्द्र, श्याम नारायण पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नैनीताल, एन. आर. आर्य, गिरीश चन्द्र आर्य,पनी राम आर्य, के.एल.आर्य, राजेन्द्र प्रसाद, रमेश चन्द्रा,संजय कुमार,राजेश लाल,विजय कुमार,जितेन्द्र टम्टा, संजय कुमार,रोहित कुमार तथा महेश चन्द्र आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिल्पकार सभा के महामंत्री देवेन्द्र प्रकाश द्वारा किया गया।

नैनीताल । भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर तल्लीताल स्थित बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर भारतीय संविधान के शिल्पकार महान समाज सुधारक भारत रत्न से अलंकृत बाबा साहब अंबेडकर जी को श्रद्धांजली अर्पित की। कार्यक्रम में विधायिका सरिता आर्य, मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट,मंडल मंत्री संतोष कुमार समेत के. एल. आर्य,मनोज साह जगाती, मोहित आर्या,अजय लाल, रितुल कुमार, विजय कुमार, अतुल कुमार, प्रदीप कुमार, पंकज राठौर, गजाला कमाल तथा मनीष आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान के बारे में जानकारी दी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी का परिनिर्माण दिवस के मौके पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों मे आयोजक डॉ. बीआर अम्बेडकर जन्म दिवस समारोह समिति, डॉ अम्बेडकर मिशन एन्ड फाउंडेशन, मूलनिवासी संघ एवं भीम आर्मी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे, कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की मर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से की गई, वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को और उनके द्वारा किये गए योगदान को विस्तार से बताया, कार्यक्रम की अध्यक्षता जीआर टम्टा ने किया। संचालन दीप दर्शन ने किया वक्ताओं ने बताया कि बाबा साहेब का परिनिर्वाण दिल्ली मे हुआ था परन्तु उनको सुपुर्दे खाक बॉम्बे मे किया गया क्यूंकि सरकार जानती थी कि जिनके धर्म परिवर्तन मे 10 लाख लोग धर्म परिवर्तन कर सकते है तो उनके परिनिर्माण मे कितनी ज़्यादा भीड़ इकठी हो जाएगी पूरी दिल्ली जाम हो जाएगी, सभी सम्मानित सांगठनों के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने पर ज़ोर दिया, गोष्ठी में अम्बेडकर मिशन एंड फाउंडेशन के अध्यक्ष जी आर टम्टा, डॉ बी आर अम्बेडकर जन्म दिवस समारोह समिति के अध्यक्ष वीरेंदर टम्टा, भीम आर्मी के ज़िला अध्यक्ष नफीस अहमद खान, हरीश लोधी, जीतराम, मूलनिवासी संघ के अध्यक्ष दीपक चनियाल, आर पी गंगोला, सुंदरलाल बौद्ध, बामसेफ से देवेंद्र कुमार, दीप दर्शन विजय कुमार दुर्गा प्रसाद सुनीता आर्य मनोज कुमार विनोद कुमार बौद्ध सुनील कुमार सुमन आर्य जगदीश कुमार आदि मौजूद थे।

## सुविधाः मल्लीताल क्षेत्र में मॉल रोड पर फुटपाथ बनकर तैयार

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल क्षेत्र में मॉल रोड पर अब एक नया फुटपाथ बनकर तैयार हो गया है। यह फुटपाथ 1.80 मीटर चौड़ा और 100 मीटर लंबा है जो स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगा। बता दें कि माल रोड पर अक्सर भारी भीड़-भाड़ रहती थी जिसके कारण पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। लोगों को सडक़ पर चलने के दौरान वाहन चालकों से भी खतरा होता था। अब नए फुटपाथ के निर्माण से पैदल यात्रियों को इस समस्या से राहत मिलेगी। यह फुटपाथ लोक निर्माण विभाग की ओर से तैयार किया गया है और इसके बनने से सडक़ पर चलने वालों के लिए सुरक्षित और आराम दायक रास्ता उपलब्ध होगा। यह कदम न केवल यातायात को सुव्यवस्थित करेगा बल्कि मॉल रोड पर पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए बेहतर यात्रा अनुभव भी सुनिश्चित करेगा। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य नैनीताल में यातायात व्यवस्था को और भी बेहतर बनाना है, फिलहाल फुटपाथ बनकर तैयार हो गया है जबकि बाकी कार्य जारी है।



## NEWS / फटाफट

### अधिवक्ता रईस अहमद के निधन पर शोक



**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुहेल अहमद सिद्दीकी के पिता निवासी आवगड़ कंपाउंड अधिवक्ता रईस अहमद सिद्दकी का 93 वर्ष का लम्बी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया है। जिसकी खबर सुनते ही अधिवक्ताओ व नगर में दुःख की लहर दौर गई। अधिवक्ता सुहेल अहमद ने बताया की उनके पिता काफ़ी समय से बीमार चल रहें थे जिनका उपचार हल्द्वानी के एक निजी चिकित्सालय में चल रहा था, शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे हल्द्वानी उनके निवास में इंतकाल हो गया है। जिनको दोपहर बाद हल्द्वानी के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। वो अपने पीछे अपनी पत्नी,पुत्र व पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गए। उनके इंतकाल पर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन व जिला बार एसोसिएशन तथा होटल एसोसिएशन सहित नगर के विभिन्न संगठनों ने दुःख व्यक्त किया है।

### देबी लाल साह के निधन पर शोक



**नैनीताल।** प्रभावशाली व्यक्तित्व व वरिष्ठ नागरिक देबी लाल साह का शुक्रवार को हल्द्वानी स्थित उनके आवास पर आकस्मिक निधन हो गया, वह करीब 97 वर्ष के थे । उनके पारिवारिक सूत्रों के अनुसार वह हल्द्वानी स्थित अपने आवास पर गिर पड़े थे और उन्हें कूल्हे में चोट आई थी । वह अपने पीछे पत्नी, पुत्र कर्नल संजय साह सहित 3 पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं । उनकी शवयात्रा शनिवार (आज) की सुबह 9 बजे हल्द्वानी निकट पनचक्की स्थित उनके आवास से रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट को रवाना होगी । 97 साल की उम्र में भी उन्हें ब्रिटिश काल और उसके बाद की घटनाएं तथा सामान्य ज्ञान तथा तथ्य और आंकड़े अच्छी तरह याद थे । वे एक घुमक्कड प्रवृत्ति के व्यक्ति थे । नैनीताल से उनका विशेष लगाव था । उनका यहां जुबली ग्रो नाम से भवन है । उनके निधन पर यहां विभिन्न संगठनों से शोक व्यक्त किया है।

### टैक्सी बाइक ने महिला को मारी टक्कर, घायल

**नैनीताल।** नगर की माल रोड में टैक्सी बाइक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी बाद में स्थानीय लोगों ने महिला को पहुंचाया राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक टैक्सी बाइक मल्लीताल से तल्लीताल को तेज रफ्तार से जा रही थी, इसी दौरान चर्च के समीप बुजुर्ग महिला रोड क्रॉस कर रही थी जिसे तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी और टैक्सी बाइक में सवार दो युवक भी घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल बीडी पांडे अस्पताल लाया गया। इस दौरान इमरजेंसी में तैनात डॉ. मोनिका कांडपाल ने बताया कि महिला भगवती नेगी (56) वर्ष पत्नी मदन सिंह नेगी जेल रोड चौराहा सिंचाई विभाग हल्द्वानी के सिर पर गंभीर चोट व हाथ फैक्चर हो गया और पैर में चोटे आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफ र कर दिया गया है वही टैक्सी बाइक चालक जगदीश प्रसाद (22) पुत्र बची राम निवासी डीएसबी परिसर के हाथ और पैर में मामूली चोटे आई हैं जिसे उपचार के बाद घर भेज दिया गया साथ ही अरविन्द कुमार (31) पुत्र अमर सिंह निवासी वीर भट्टी दुर्गापुर को सिर व हाथ पैर में काफी चोटे आई हैं। स्थानीय युवक वाशु ने बताया रोड में एक्सडेंट हुआ था महिला को वह तत्काल अस्पताल ले आएं। तल्लीताल के एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि मौके पर जाकर टैक्सी बाइक कब्जे में ले लिया है। जाँच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विशाल जनसभा

**नैनीताल ।** भारत रक्षा मंच जिला नैनीताल की ओर से 10 दिसम्बर (मंगलवार) को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बांग्लादेश में हिन्दू, बौद्ध तथा ईसाई एवं अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के विरोध में एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। बता दें कि यह कार्यक्रम डीएसए मैदान मल्लीताल से शुरू होकर तल्लीताल डांट तक होगा। इससे पूर्व जनसभा का आयोजन मंगलवार 10 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे होगा जिसमें मंच के पदाधिकारी और समाजसेवी शामिल होंगे। मंच का उद्देश्य बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की मांग करना और मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना है। आयोजकों ने जिलेवासियों से इस जनआक्रोश कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–**संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## 21 दिवसीय डेकोरेटिव मोमबत्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल ब्लाक के भूमियाधार गांव में जिला उद्योग केंद्र हल्द्वानी की ओर से आयोजित नैनीताल नगर की प्रमुख संस्था नैनी महिला जागृति संस्था की ओर से संचालित 21 दिवसीय डेकोरेटिव मोमबत्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को विधिवत समापन हो गया।

समापन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या तथा विशिष्ट अतिथि जिला उद्योग केंद्र हल्द्वानी के सहायक निदेशक अखिलेश सती व नीरज नेगी,संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला, भूमियाधार की पूर्व प्रधान अनीता देवी तथा मीनाक्षी टम्टा की ओर से संयुक्त रुप से प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संचालन समाजसेवी नंद लाल जायसवाल ने किया।

इस मौके पर जिला उद्योग केंद्र हल्द्वानी के अधिकारियों की ओर से स्वरोजगार के लिए केंद्र की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं की अहम जानकारियां भी दी गयी,जिसमें विश्वकर्मा योजना, नैनो योजना समेत अन्य योजनाएं शामिल रही। इस मौके पर नैनी महिला जागृति संस्था की मुखिया मंजू रौतेला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मास्टर टीना तथा श्रीमती नीता आर्या ने भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गांव में जरुरत पर बल देते हुए अन्य तरह के कार्यक्रम भी चलाए जाने पर बल दिया। इसके लिए उन्होंने विधायक सरिता आर्य से बिशेष गुजारिश की। कार्यक्रम में समाजसेवी गंगा बिष्ट, बालम सिंह बिष्ट, रश्मिी, भावना,नीमा देवी, शोभा देवी, कोमल, मानसी आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने निर्माणाधीन वेडिंग जोन का स्थलीय निरीक्षण किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अधिकारियो के साथ रूद्रपुर के निर्माणाधीन वेडिंग जोन का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने बताया कि जी-20 के दौरान हाइवे से खोखा-ठेली को हटाया गया था जिससे उनके रोजगार प्रभावित हुआ इसको देखते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर गरीब खोखे-फड़ वालो के आर्थिकी नुकसान को देखते हुए उनके परिवार के जीवन यापन के लिए शहर में वेंडिग जोन चिन्हित किया गया, जिसके लिए शासन से एक करोड़ की धनराशि उपलब्ध हुयी शेष धनराशि नगर निगम रूद्रपुर द्वारा निवेश कर वेंडिग जोन में 130 दुकानें तैयार की जा रही है, जिनका कार्य अन्तिम चरण में है।निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर आयुक्त को वेंडिग जोन में विद्युत, पानी, सड़क के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने व दुकानों के आवंटन हेतु प्राथमिकता व नियमानुसार सूची तैयार करने के निर्देश दिये ताकि दुकानो का नियमानुसार आवंटन किया जा सकें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने पुराने ट्रचिंग ग्राउंड पहाड़गंज का निरीक्षण किया। उन्होने स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए नगर निगम की टीम को बधाई दी व पौधारोपण भी किया। उन्होने इस स्थान को और सुन्दर बनाने हेतु फूल-पौधे लगाने के निर्देश दिये। इसके बाद जिलाधिकारी ने फाजलपुर महरौला में कॉम्पैक्ट वायोगैस प्लांट (सीबीजी) का निरीक्षण किया व सीबीजी प्लांट के प्रतिदिन 15 टन क्षमता से बढ़ाकर 50 टन क्षमता विस्तारित कार्य कराने के निर्देश दिये। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल आदि मौजूद थे।



# अभिमत

## नशेड़ी बने खतरा

*नशेड़ी समाज के हर वर्ग के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। महिलाओं संबंधी अपराध के लिए नशेड़ी जिम्मेदार हैं। छात्राओं से छेड़छाड़ के बारे में प्रशासन द्वारा स्कूलों में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बताया कि रास्ते में नशेड़ी उनका पीछा करके छेड़छाड़ करते हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि बसों में चालक और परिचालक नशा करते हैं और महिलाओं तथा छात्राओं की सुरक्षा संदिग्ध रहती है। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल के पार्कों को सौंदर्य के साथ सैलानियों के आराम करने तथा फोटोग्राफी के उद्देश्य से बनाया गया है। पार्क नशेड़ियों का अड्डा बन गये हैं और लोग पार्क में जाने से डरते हैं।*

गांजा, चरस, स्मैक और अवैध शराब का धंधा करने वालों पर नकेल कसने के पुलिस के प्रयास नाकाम साबित हुए हैं। नशीले पदार्थों के तस्कर सिर्फ एक अपराध के दोषी नहीं हैं, बल्कि नशेड़ी अनेक अपराध करते हैं। नशेड़ी समाज के हर वर्ग के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। महिलाओं संबंधी अपराध के लिए नशेड़ी जिम्मेदार हैं। छात्राओं से छेड़छाड़ के बारे में प्रशासन द्वारा स्कूलों में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बताया कि रास्ते में नशेड़ी उनका पीछा करके छेड़छाड़ करते हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि बसों में चालक और परिचालक नशा करते हैं और महिलाओं तथा छात्राओं की सुरक्षा संदिग्ध रहती है। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल के पार्कों को सौंदर्य के साथ सैलानियों के आराम करने तथा फोटोग्राफी के उद्देश्य से बनाया गया है। पार्क नशेड़ियों का अड्डा बन गये हैं और लोग पार्क में जाने से डरते हैं। उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में प्रशासन द्वारा महिलाओं तथा छात्राओं के लिए असुरक्षित स्थानों को चिह्नित करने का सर्वे किया गया है। असुरक्षित जगहों में शहरों के पार्क शामिल हैं। नशे के धंधेबाज स्कूलों, कालेजों के निकट घूमते हुए नशीले पदार्थ बेचते हैं। कालेजों के आसपास की दुकानों पर भी नशा उपलब्ध रहता है। ऑटो चालकों द्वारा महिला सवारी को संदिग्ध स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म की घटनाओं के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है। ऑटो, ई-रिक्शा, टैक्सी वालों का सत्यापन किया जा रहा है, लेकिन नशेड़ियों पर शिकंजा कसना कठिन हो रहा है। उत्तराखंड में नशे का धंधा हमेशा से पुलिस के लिए चुनौती रहा है। पर्वतीय क्षेत्र की महिलाओं ने कई बार आंदोलन किये हैं। आबकारी विभाग द्वारा शराब के ठेके की नीलामी के बाद नई शराब की दुकान खोलने का महिलाओं द्वारा विरोध किया जाता रहा है। राजस्व की प्राप्ति के लिए सरकार शराब की दुकानें बंद नहीं करती है। शराब के अलावा अन्य नशीले पदार्थों से सरकार को राजस्व नहीं मिलता है। नशेड़ी महिलाओं व छात्राओं के साथ छेड़छाड़ तक सीमित नहीं हैं, चोरी, चेनस्नैचिंग, हत्या जैसे अपराधों में भी नशेड़ी संलिप्त पाये गये हैं। नशे के धंधेबाज किशोर व युवा छात्र-छात्राओं को नशेड़ी बनाकर भविष्य खराब कर रहे हैं। नशे से परिवार बर्बाद हो रहे हैं। शराब और अन्य नशीले पदार्थों से गंभीर बीमारियों से लोग पीड़ित हो रहे हैं। तम्बाकू से कैंसर का खतरा सर्वाधिक है। शराब और तम्बाकू पर पूरी तरह प्रतिबंध से रोगियों के इलाज पर खर्च बचेगा। सरकार को इस दिशा में कदम उठाना होगा।

# डीएम की अनुमति के बिना बना रहे थे मस्जिद, प्रशासन ने निर्माण रोका

**बाजपुर**

**हमारे संवाददाता**



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, किसी भी धार्मिक स्थल का नया निर्माण या मरम्मत कार्य जिलाधिकारी (डीएम) की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।

इसी क्रम में एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में स्थित मदीना मस्जिद और नूरी मस्जिद में नए निर्माण कार्य हो रहे थे। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। मस्जिद प्रबंधन से निर्माण की वैधता और भूमि के स्वामित्व के दस्तावेज मांगे गए। मस्जिद के मौलवी ने कहा कि उनके वकील दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे, जिसके बाद तहसीलदार अक्षय भट्ट ने आदेश दिया कि दस्तावेज दिखाने तक कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा।

बाजपुर कोतवाल नरेश चौहान ने बताया कि मस्जिद इंतजामिया कमेटी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य न करें। यदि इसके बावजूद निर्माण जारी रखा गया, तो पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी और एफआईआर दर्ज की जाएगी।

सुल्तानपुर पट्टी के आदर्श नगर मोहल्ले में स्थित मदीना मस्जिद के मामले में बताया गया है कि यह भूमि अकबरी बेगम द्वारा वसीयत की गई थी। हालांकि, मस्जिद कमेटी ने अब तक इस भूमि को राजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज नहीं कराया है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने इसे राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने का निर्देश दिया था, लेकिन कमेटी ने ऐसा नहीं किया। इसी भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिसे अब रोक दिया गया है।

नूरी मस्जिद के संबंध में भी प्रशासन को अप्रमाणित दस्तावेज और अपंजीकृत दान नामे प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त, मस्जिद प्रबंधन के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले।

## कोर्ट के आदेश पर पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए ऑटो चालक ने पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आस्था विहार हल्द्वानी निवासी नरेश कुमार वर्मा ने न्यायालय में वाद दायर किया कि वह अपने ऑटोरिक्शा से एक बीमार मित्र को अस्पताल से दवा दिलवाकर घर लौट रहे थे, तभी अंसारी फर्नीचर के पास एक बोलेरो पिकअप के चालक ने गलत दिशा से आकर उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में नरेश कुमार वर्मा को गंभीर चोटें आईं और उसका ऑटोरिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद पिकअप चालक ने न केवल घायलों की मदद नहीं की, बल्कि धमकी भी दी। वर्मा ने इस घटना के बारे में पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल किया और प्राथमिक उपचार के बाद अपनी तहरीर मंगलपड़ाव पुलिस चौकी में दी, लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित का कहना है कि इसके बाद 20 अक्टूबर को उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आटो चालक ने आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## अज्ञात के खिलाफ मोबाइल की दुकान से चोरी का मुकदमा

**रुद्रपुर।** पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मोबाईल की दुकान की दीवार तोड़कर लाखों रुपए के मोबाईल चोरी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया।

मलिक कालोनी निवासी गौरव मुंजाल की काशीपुर बाई पास रोड अग्रसेन चौक समीप मोबाईल की दुकान है। गुरुवार की रात चोरों ने मोबाईल की दुकान छत पर पहुंच दीवार में सेंध लगा दुकान के अंदर घुस गये और लगभग-14 मोबाईल फोन व गल्ले में रखे करीब 15 हजार रूपये चोरी कर ले गए। चोरी गए मोबाईलों कीमत 7-8 लाख रुपए है।

पूरी घटना दुकान लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों को चिन्हित कर रही है।

# चोरों ने मोबाइल की दुकान में लगाई सेंध, लाखों के मोबाइल चोरी, चोर सीसीटीवी फुटेज में कैद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



मुख्य बाजार क्षेत्र में चोर एक मोबाइल की दुकान में सेंध लगाकर लाखों के मोबाइल पार कर गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया।

चोर सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए। मौके पर व्यापार मंडल के लोग पहुंचे। उन्होंने पुलिस ने चोरी का खुलासा करने की मांग उठाई। जानकारी के मुताबिक मलिक कालोनी निवासी गौरव मुंजाल की काशीपुर बाई पास रोड अग्रसेन चौक के समीप मोबाइल की दुकान है। रोजाना की तरह गुरुवार रात साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह मोबाइल पर काम करने वाले कर्मचारी पहुंचे। अंदर सामान बिखरा देख कर्मियों ने गौरव मुंजाल को सूचना दी। गौरव दुकान पर पहुंचे। उन्होंने चोरी की सूचना पर पुलिस को दी। मौके पर एसएसआई ललित मोहन रावल,एसएसआई नवीन बुधानी समेत संबंधित चौकी पुलिस पहुंची। पुलिस ने दुकान मालिक से जानकारी ली।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखे तो दो चोर सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गये। चोर बगल वाली छत के रास्ते से दुकान की छत पहुंचे। चोरों ने दुकान के अंदर जाने के लिए सीढ़ियों के बगल से ईंटें निकाली। इधर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा,महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, राहुल सरीन समेत अन्य व्यापारी पहुंचे। समाजवादी संजय ठुकराल समर्थकों के साथ पहुंचे। व्यापारियों ने पुलिस से चोरी का खुलासा करने की मांग की।

# फिल्मी दुनिया

## लापता लेडीज' के ऑस्कर जीतने की आमिर को उम्मीद



*इस साल रिलीज हुई फिल्म 'लापता लेडीज' को दर्शकों ने काफी सराहा। इस समय यह फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड पाने की दौड़ में शामिल है। हाल ही में इसके प्रोड्यूसर आमिर खान ने फिल्म के ऑस्कर जीतने की संभावनाओं पर बात की। आमिर खान अच्छी, लीक से हटकर फिल्मों में अभिनय ही नहीं करते, ऐसी फिल्मों को प्रोड्यूस भी करते हैं। इस साल रिलीज हुई किरण राव निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' के एक प्रोड्यूसर वो भी थे। अब यह फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड पाने की दावेदार बनी हुई है। हाल ही में आमिर ने इस फिल्म के ऑस्कर जीतने और उसके बाद की स्थिति पर बात की। इसी इंटरव्यू में आमिर खान आगे कहते हैं कि हमारे देश में लोग फिल्मों को लेकर काफी क्रेजी हैं। हम भारतीयों को फिल्मों से प्यार है। इसलिए लगभग हर भारतीय को उम्मीद है कि फिल्म 'लापता लेडीज' ऑस्कर जरूर जीतेगी। ऑस्कर में 'लापता लेडीज' को भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर भेजा गया है। हाल ही में इसके ऑस्कर जीतने की उम्मीद आमिर खान ने एक इंटरव्यू में जता दी। वह कहते हैं, 'अगर हमारी फिल्म ऑस्कर जीत जाती है तो इससे 'लापता लेडीज' को नई उड़ान भरने का मौका मिलेगा।यह फिल्म दुनिया भर की ऑडियंस तक पहुंच पाएगी। देखिए, किसी फिल्म के ऑस्कर जीतने से उसके बारे में दुनिया भर की ऑडियंस जान जाती है और उस फिल्म को देखती है।'*

### महिलाओं की आजादी की कहानी

*फिल्म 'लापता लेडीज' में कभी मजाकिया तो कभी इमोशनल अंदाज में महिलाओं की आजादी की कहानी को कहा गया है। कैसे आज भी देश में महिलाएं, पुरानी रूढ़ियों का शिकार हैं, इस बात को फिल्म में बहुत ही अच्छे से दिखाया गया है। फिल्म 'लापता लेडीज' इसलिए भी एक बेहतरीन फिल्म बनकर तैयार हुई, क्योंकि इसमें महिलाओं की कहानी को, उनके दर्द को, एक महिला निर्देशक द्वारा कहा गया है। फिल्म को किरण राव ने बहुत ही शिद्दत के साथ बनाया है।*

# नगर स्थानीय निकायों की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किये

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कार्यालय पंचास्थानि चुनावालय के द्वारा मतदाता सूची 05 दिसम्बर नगर स्थानीय निकायों की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड के 04 दिसम्बर में प्राप्त निर्देशानुसार राज्य की समस्त नागर स्थानीय निकायों में विशेष अभियान चलाकर संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में उन सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किये जाय जो 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। संगणक व कर्मचारी 8 तथा 9 व 10 दिसम्बर को मतदान स्थल तथा मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर मतदाता का नाम सम्मिलित किये जाने के लिए तथा नाम संशोधन के लिए एवं नाम विलोपन के लिए प्रपत्र उपलब्ध करवाएं तथा पूर्ण भरे हुए प्रपत्र प्राप्त करें। नियुक्त समस्त संगणकों को कार्यालय आदेश में अग्रिम आदेशों तक कार्यमुक्त किया गया था।

क्रम में उक्त कार्मिकों तथा संगणकों को आगामी 8 तथा 9 व 10 दिसम्बर के विशेष शिविर का आयोजन के लिए नगरपालिका परिषद नैनीताल के प्रत्येक मतदान स्थलों में अग्रिम आदेशों तक नियुक्त किया जाता है। समस्त विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि नियुक्त कार्मिकों, संगणकों को तत्काल आज ही उपर्युक्त निर्वाचन कार्य के लिए कार्यमुक्त करेंगे। नियुक्त कार्मिक तथा संगणक के स्थानान्तरण अथवा अन्य परिस्थिति में उनके स्थान पर प्रतिस्थानि अपने स्तर से नियुक्त कर कार्यमुक्त करेंगे।

## News कॉर्नर

### अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जनसभा आयोजित

**नैनीताल ।** भारत रक्षा मंच जिला नैनीताल की ओर से 10 दिसम्बर (मंगलवार) को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बांग्लादेश में हिन्दू, बौद्ध तथा ईसाई एवं अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के विरोध में एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। बता दें कि यह कार्यक्रम डीएसए मैदान मल्लीताल से शुरू होकर तल्लीताल डांट तक होगा। इससे पूर्व जनसभा का आयोजन मंगलवार 10 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे होगा जिसमें मंच के पदाधिकारी और समाजसेवी शामिल होंगे। मंच का उद्देश्य बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की मांग करना और मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना है। आयोजकों ने जिलेवासियों से इस जनआक्रोश कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### 54 वाहनों के चालान, 21 को किया सीज

**हल्द्वानी।** परिवहन विभाग ने प्रवर्तन कार्रवाई के अंतर्गत 54 वाहनों के चालान कर 21 वाहनों को सीज किया। प्रवर्तन कार्रवाई टैक्सी, मैक्सी, बस, मोटरसाइकिल, ट्रक आदि वाहनों पर पंजीयन परमिट शर्तों का उल्लंघन, फिटनेस, टैक्स, लाइसेंस, हेलमेट, सीटबेल्ट, यात्री एवं भार वाहनों में ओवरलोडिंग, रिफ्लेक्टर आदि के अभियोग में की गई। परिवहन कर अधिकारी एनपी आर्य द्वारा नैनीताल तथा गोविंद सिंह द्वारा हल्द्वानी क्षेत्र के अंतर्गत प्रवर्तन कार्य किया गया। सात ऑटो, 13 ई-रिक्शा तथा एक भार वाहन सम्मिलित हैं। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. गुरदेव सिंह के निर्देशन में की गई प्रवर्तन कार्रवाई में परिवहन कर अधिकारी एनपी आर्य, गोविंद सिंह के साथ सहायक उप निरीक्षक रामचंद्र, देव सिंह, नंदन रावत, प्रवर्तन पर्यवेक्षक अनिल कार्की, मोहम्मद दानिश, चंदन ढेला, महेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एरीज से: पश्चिम दिशा में होगा चमकीला शुक्र और पूर्व दिशा से होगा बृहस्पति का उदय

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल धरती के करीब आए गुरु यानी बृहस्पति के दर्शन के लिए खगोल प्रेमियों का एरीज पहुंचना शुरू हो गया है और सूर्यास्त के बाद पूरी रात बृहस्पति को देखा जा सकेगा। साथ ही शुक्र भी शाम के आसमान में चमक बिखेर रहे होंगे। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के आउटरीच प्रभारी डा वीरेंद्र यादव ने बताया कि यह दोनों ग्रह सभी तारों की तुलना में अधिक चमकदार दिखाई देंगे। पश्चिम दिशा में होगा चमकीला शुक्र और पूर्व दिशा से सांझ होते ही बृहस्पति का उदय हो रहा होगा। आज यानी शुक्रवार को बृहस्पति पृथ्वी के सबसे नजदीक लगभग 61.1 करोड़ किमी दूर मौजूद होगा, जबकि गुरुवार को बृहस्पति, पृथ्वी और सूर्य लगभग एक सीधी रेखा में होंगे। बृहस्पति सूर्यास्त के साथ उगेगा और सूर्योदय के के साथ अस्त होगा। परिणामस्वरूप नैनीताल से 13 घंटों से भी ज्यादा समय तक इसे देखा जा सकता है। इधर दिल्ली से अपनी टीम के साथ पहुंचे मशहूर एमेच्योर एस्ट्रोनॉमर अजय तलवार ने बताया कि बृहस्पति सौर परिवार का सबसे बड़ा ग्रह होने के नाते आकर्षण बढ़ जाता है। अब यह हमारे करीब पहुंचा है तो इसका अध्ययन आसान हो जाता है। जिस कारण वह दस सदस्यों की टीम के साथ पहुंचे हैं और गुरु के ऑब्जर्वेशन की तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार की पूरी रात ऑब्जर्वेशन जारी रहेगा।



उन्होंने कहा कि इन दिनों मौसम साफ है और नैनीताल में प्रदूषण भी नहीं है। जिस कारण ऑब्जर्वेशन आसान होगा। सॉफ्ट वेयर इंजीनियर मोहित जोशी ने बताया कि खगोलीय घटनाओं के लिहाज यह महीना खास रहने वाला है। अगले हफ्ते जमीनीड की उल्कावृष्टि चरम पर रहेगी। साथ ही गहरे असमान में मौजूद कई खगोलीय नजारों को देखा जा सकेगा।

# मुख्यमंत्री धामी खटीमा कैंप कार्यालय पहुंचे, जन समस्याएं सुनीं

**खटीमा**

**हमारे संवाददाता**

शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैंप कार्यालय लोहिया हेड पहुँचे। मुख्यमंत्री के खटीमा पहुँचने पर सांस्कृतिक दल ने ढोल बजाकर भव्य स्वागत किया गया।

बीते दिवस व आज शनिवार को मुख्यमंत्री ने लोहिया हेड पहुँचकर कैम्प कार्यालय में जनता से संवाद किया व जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने सीएम का स्वागत किया। उधर

लोहियाहेड हेलीपेड पहुंचने मुख्यमंत्री धामी का जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल , पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा,दान सिंह भंडारी ने स्वागत किया। इस दौरान निवर्तमान उपाध्यक्ष



किसान आयोग राजपाल सिंह, निवर्तमान मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, रणजीत सिंह नामधारी, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी,एडीएम पंकज उपाध्याय, पीडी हिमांशु जोशी,दान सिंह राणा, भवानी भंडारी समेत अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**संवाद**
- सांस्कृतिक दल ने ढोल बजाकर भव्य स्वागत किया

# रुद्रपुर में प्लास्टिक के गोदाम में धधकी आग,अफरातफरी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

शहर की रविन्द्र नगर कालोनी में अज्ञात कारणों के चलते एक प्लास्टिक के गोदाम में आग लग गई। गोदाम से आग की लपटें निकलते देख अफरातफरी मच गई। लोग भी घरों से बाहर निकल आए।

आग की सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से लाखो के नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। टीम आग लगने और नुकसान का आकलन करने में जुटी हुई है। बताया जाता है कि शुक्रवार दोपहर रविन्द्र नगर स्थित एक प्लास्टिक कूगोदाम से लोगों ने धुंआ उठता देखा और देखते ही देख आग की लपटें निकलनी शुरू हो गई। सूचना पर गोदाम मालिक पहुंचे। इसी बीच पुलिस और अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने में अग्निशमन के दो वाहन पहुंचे। अग्निशमन विभाग के



**घटना**
- कॉलोनी में लोग घरों से बाहर निकल आए

अधिकारियों के मुताबिक आग लगने का कारण अज्ञात है। गोदाम में रखा प्लास्टिक का समान जल कर खाक हो गया। अनुमान लाया जा रहा है कि आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। एएसपी निहारिका तोमर ने बताया कि दोपहर को सूचना मिली थी कि आवास विकास चौकी क्षेत्र में बने एक गोदाम में आग लगी है। आग पर काबू पा लिया गया है। अग्निशमन विभाग आग लगने के कारणों और नुकसान का आकलन कर रही है।

# हाथियों ने गांवों में फसल की बर्बाद

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

तराई केंद्रीय वन विभाग के टांडा से सटे ग्रामीण इलाकों में अब हाथियों की दहशत शुरू हो गई है। शुक्रवार रात को गंगापुर कबडवाल गांव में हाथियों के झुंड ने नगर निगम की गोशाला की दो-तीन स्थानों से दीवार तोड़ दी।

जहां लगभग 300 निराश्रित मवेशियों को पाला जा रहा है। गनीमत यह रही कि हाथियों द्वारा दीवार तोड़ने के बाद भी जानवरों को दीवार टूटने का एहसास नहीं हुआ, नहीं तो सारे जानवर गांव में घुस जाते।

वहीं दूसरी तरफ हाथी नगर निगम की गोशाला की दीवार तोड़ते हुए खेतों में गए जहां उन्होंने काश्तकारों की गेहूं, गन्ना की फसल बर्बाद की। हाथियों के ग्रामीण इलाकों में दस्तक देने की खबर के बाद हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के ग्रामीण इलाके में आने से रोकने के उपाय किए जाने की मांग की है।

### पर्यटक को पड़ा हार्ट अटैक, हायर सेंटर किया रैफर

**नैनीताल।** शुक्रवार को नैनीताल में घूमने आए एक पर्यटक को हार्ट अटैक का सामना करना पड़ा। गोरखपुर निवासी 42 वर्षीय वीरेंद्र कुमार अचानक अस्वस्थ महसूस करने लगे जिसके बाद उनके परिजन उन्हें बीड़ी पांडे अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उन्हें तुरंत हार्ट अटैक बताया और प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें हल्द्वानी रैफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, वीरेंद्र कुमार का स्वास्थ्य फिलहाल स्थिर है।

# तोशिबा ने पीएचडी की अंतिम परीक्षा दी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के जंतु विज्ञान विभाग में तोशिबा ने पीएचडी की अंतिम परीक्षा दी। तोशिबा ने स्नो ट्राउट में फ्राई स्टेज पर प्रेशर शॉक और ट्रिपलोइड के डिप्लोइड की तुलनात्मक वृद्धि का उपयोग करके ट्रिपलोइडी प्रेरण विषय पर अपना शोध कार्य किया। बता दें कि तोशिबा ने विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रोफेसर मेजर हरीश चंद्र सिंह बिष्ट तथा डॉ. एन.एन. पांडे के दिशा



निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा किया । ऑनलाईन माध्यम से सम्पन्न हुई इस परीक्षा में दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर नीता सहगल विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुई। ऑनलाईन मौखिक परीक्षा में प्रोफेसर एच.सी.एस. बिष्ट, डॉ. मनोज कुमार आर्य, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ. हिमांशु लोहानी, डॉ. दीपक कुमार आर्य, डॉ. दिव्या पांगती, डॉ. उज्मा सिद्दीकी, डॉ. संदीप मंडोली, डॉ. नगमा परवीन, डॉ. राशि मिघलानी, स्वाति जोशी एवं अन्य शोध छात्र ऑनलाइन मध्यम से जुड़े रहे।

# सरस मेले में राष्ट्रीय के होंगे कार्यक्रम

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण नैनीताल चंदा फर्त्याल ने 25 दिसम्बर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक एमबी इंटर कॉलेज हल्द्वानी में आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।

मेले में राज्यों के स्टाल, विरासत प्रदर्शनी, विभिन्न संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम होंगे। मेले में 11 बजे से दो बजे तक क्रेता-विक्रेता बैठक, विभिन्न विभागों की गोष्ठी का आयोजन और दो से पांच बजे तक विद्यालय स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जबकि शाम को पांच बजे से सांस्कृतिक दलों द्वारा छोलिया नृत्य, झोड़ा-चांचरी, कुमाऊंनी-गढ़वाली संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम, स्टेज शो, स्टार नाईट, कॉमेडी शो, शगुन और प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मेले में पहाड़ी व्यंजन, क्रिसमस नाइट और थर्टी फर्स्ट नाईट का लुत्फ उठा सकते हैं।

# नजूल भूमि पर किया अतिक्रमणकारियों का सर्वे

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका परिषद नैनीताल ने लीज समाप्त हो चुकी संपत्तियों और नजूल भूमि पर अतिर्कमणकारियों के खिलाफ बड़ा सर्वे अभियान चलाया है। शुक्रवार को दुर्गापुर वार्ड में 100 से अधिक नजूल भूमि पर काबिज अवैध अतिक्रमणकारियों का सर्वे किया गया।

नगरपालिका परिषद ने जीआईएस (जियोग्राफ िकल इन्फ ॉर्मेशन सिस्टम) सर्वे के माध्यम से नैनीताल क्षेत्र में 6000 से अधिक संपत्तियों का सर्वे पूरा किया है। इन संपत्तियों में से कई पर अतिक्रमण किए गए हैं जिन्हें जल्द ही शासन को सूचित किया जाएगा। नगरपालिका प्रशासन ने यह



भी कहा कि सभी अतिक्रमणकारियों की सूची शासन को प्रेषित की जाएगी ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही शासन की ओर से लैंड बैंक बनाए जाने के लिए सभी निकायों को निर्देश दिए गए हैं। लैंड बैंक के अंतर्गत उस भूमि का ब्यौरा लिया जाएगा जो नगरपालिका के प्रबंधन में आती हैं और जिन पर अतिक्रमण हो सकता है। इन भूमि पर अतिर्कमणकारियों की सूचना शासन को भेजी जाएगी ताकि कानून के तहत उचित कदम उठाए जा सकें। मामले में पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने कहा कि कि इस सर्वे के बाद अवैध अतिक्रमणों को हटाने और भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

सर्वे के दौरान अधिशासी अधिकारी (प्रथम) दीपक गोस्वामी, अधिशासी अधिकारी (द्वितीय) श्विनोद सिंह जीना समेत अवर अभियंता विपिन चंद्र, नजूल लिपिक नवीन आर्या, पालिका कार्मिक मोहन चिलवाल, सन्नी, विकास, दीपराज तथा सुनील आदि मौजूद रहे।